प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 30.08.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

नौ सितम्बर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बी0 सुदर्शन रेड्डी समर्थन जुटाने की कवायद में जुटे हैं। श्री रेड्डी आज इस सिलसिले में रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और घटक दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली इस बैठक में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता और सभी सांसदों को मौजूद रहने के लिए कहा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इंडिया गठबंधन के सांसदों का श्री रेड्डी को समर्थन देने की औपचारिक घोषणा करेंगे।

****

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ आज सरायकेला खरसावां में आयोजित दिशा की बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में अन्य लोगों के अलावा खरसावां विधायक दशरथ गागराई, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा और जिले के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

****

केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यम भारत की आर्थिक प्रगति की असली ताक़त हैं, जिनमें आज लाखों महिलाएँ नई पहचान बना रही हैं।

****

सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर आदिवासियों की जमीन खरीदने के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत आज पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का समेत कुल 10 दोषियों को सजा सुनायेगी। कल अदालत ने सभी को दोषी करार दिया था।

****

चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट ने सबको चौंका दिया है। भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पाँच तिमाही में सबसे अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी सात दशमलव चार प्रतिशत रही थी, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह छह दशमलव पांच प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पहली तिमाही के आंकडों के अनुसार नॉमिनल जीडीपी में आठ दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

****

दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को आवंटित राँची के मोरहाबादी स्थित सरकारी आवास अब उनकी पत्नी रूपी सोरेन के नाम पर होगा। ये आवास उन्हे आजीवन

आवंटित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर भवन निर्माण विभाग ने इसे लेकर प्रस्ताव तैयार कर लिया है। आगामी दो सितंबर को होने वाली राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को पेश किया जा सकता है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी किया जाएगा।

****

झारखंड ग्रामीण बैंक सरायकेला खरसावां जिले में वित्तीय साक्षरता अभियान चला रहा है। इसके तहत ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

****

शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कल चिकित्सकों के साथ हुए दुर्व्यवहार की घटना को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस मौके पर उपायुक्त ने ड्यूटी पर मौजूद न रहने वाले होमगार्ड के जवानों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

****

करम पर्व से पहले राज्य सरकार की ओर से मंईयां सम्मान योजना की 13वीं किस्त के रूप में दो हजार पांच सौ रूपये की राशि लाभुकों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। इस संबंध में सामाजिक सुरक्षा विभाग ने सभी जिलों को दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं।

******समाप्त***********